Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 03-03-2006
Participants : Rathod Shri Harisingh Nasaru

>

Title : Regarding providing reservation to the denotified and nomedic Tribes.

श्री हरिभाऊ राठौड़ (यवतमाल) : उपाध्यक्ष महोदय, सामाजिक न्याय के बारे में मैं ऐसे सैक्शन की बैंत कर रहा हूं जिन्हें अभी तक न्याय नहीं मिला है। आपको मालूम है कि कांस्टीट्यूशन में जो प्रोटैक्शन है वह...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : कुछ भी रिकार्ड पर नहीं जायेगा।

श्री हरिभाऊ राठौड़ : कांस्टीट्यूशन में जो प्रोटैक्शन है, वह शेड्यूल्ड कास्ट्स, शेड्यूल्ड ट्राइब्स और ओ.बी.सी. के लिए है। लेकिन इस देश में डिनोटिफाइड और नोमैडिक ट्राइब्स की संख्या 15 करोड़ है, उन्हें अभी तक न्याय नहीं मिला है। इस देश में काका कालेलकर आयोग और मंडल आयोग हुए। इनके बाद आयंगर आयोग आया और फिर दूसरे आयोग आये। उनके बाद फाइव ईयर प्लान आया। योजना आयोग की रिक्मैन्डेशंस हमारे पास हैं। वेंकटचलैया आयोग हमारे पास है। लेकिन ये सारी रिकमैन्डेशंस होने के बाद भी सरकार का ध्यान डिनोटिफाइड नोमैडिक ट्राइब्स की ओर नहीं गया। पंडित जवाहर लाल नेहरू ने इसी हाउस में वर्ा 1953 में कहा था कि इस सैक्शन को हम न्याय देने वाले हैं। बाबासाहेब अम्बेडकर ने कांस्टीट्यूशन में जो प्रावधान किया था, उन्होंने कहा था -

"We are providing reservation to a specific group of the backward classes."

यह सैक्शन ऐसा है जिसे हम डिनोटिफाइड और नोमैडिक ट्राइब्स कहते हैं। जब हम इन्हें इस नाम से बालाते हैं तो लोग कहते हैं कि यह क्या होता है। डिनोटिफाइड मीन्स "Those who are notified as a criminal caste." ह्मैं 15 करोड़ लोगों की बैंत कर रहा हूं। आज तक इस सैक्शन की ओर ध्यान नहीं दिया गया। मैं समझता हूं कि जो हमारा संविधान है, हम जिस लोकशाही की बैंत कर रहे थे, वह लोकशाही पड्डेल हो गई है। जब तक इस सैक्शन को न्याय नहीं मिलेगा, 15 करोड़ लोगों को न्याय नहीं

---

13. Not Recorded.

मिलेगा, तब तक यह वर्ग उपेक्षित रहेगा। सरकार को इस सैक्शन को न्याय दिलाने के बारे में सोचना चाहिए और इन्हें न्याय दिलाने के बारे में सरकार को तुरंत निर्णय लेना SÉÉÉÊcA[R25]।

श्रीमती किरण माहेश्वरी : उपाध्यक्ष महोदय, मैं एक गंभीर विाय के ऊपर आपको जानकारी देना चाहती हूं।...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : मैडम, आप नोटिस दें।